कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण हों, आबादी के अनुपात में हों बजट व संसाधन

-यूडीएच मंत्री

जयपुर,17 जनवरी। नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री झाबर सिंह खर्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कोटा जिला परिषद सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग से संबद्ध विभागों में सभी कार्य पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण हों। जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। आमजन की सुविधा से जुड़े कार्यों में कोई भेदभाव ना हो, मतदाताओं एवं आबादी के अनुपात में बजट एवं संसाधनों का आवंटन किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि विकास या जन सुविधाओं से जुड़े कार्य में भेदभाव की शिकायत मिली तो उचित नहीं होगा।कार्यालय में कोई भी फरियादी आए तो उसकी धैर्यपूर्वक सुनवाई हो और संतोषप्रद जवाब दिया जाए। नियमानुसार काम कितने समय में हो सकता है, यह भी बता दिया जाए। निर्देश दिए की जन उपयोगी सेवाएं 31 जनवरी तक आवश्यक रूप से ऑनलाइन मोड पर हो जाएं ।पोर्टल में यदि कोई व्यवधान आए तो 24 घंटे में दुरुस्त करना सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री ने निर्देश दिए कि एक सप्ताह में आवारा पशुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, वे सड़क पर नजर नहीं आने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में स्वच्छता पर विशेष फोकस किया जाए ताकि रैंकिंग में जिला अव्वल रहे। इसके लिए सफाई की नियमित मॉनिटरिंग हो और कार्मिकों की जिम्मेदारी तय की जाए।

नगरीय विकास मंत्री ने निर्देश दिए कि शहर के बीच बड़े नालों के आसपास व्यर्थ पड़ी भूमि पर फेंसिंग करके इसमें हरियाली, वाकिंग ट्रेक इत्यादि विकसित किए जाएं ताकि इनका सदुपयोग हो सके। इससे यह अतिक्रमण से बचेंगे और शहरवासियों को सुकून मिल सके।अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नगरीय निकाय अपने-अपने परिक्षेत्र में सफाई, रोशनी, नाली एवं जन सुविधाओं की प्रकृति के कार्य के प्रति गंभीर रहें और समान व्यवहार के साथ आमजन को राहत दें।

उन्होंने नगर विकास न्यास एवं नगरीय विकास से जुड़े विभागों में विकास कार्य एवं विभिन्न योजनाओं में प्रगति की जानकारी ली। आय में वृद्धि के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने रिवर फ्रंट घंटी के बारे में वस्तु स्थिति, चम्बल में क्रूज चलाने की योजना, अमृत योजना,प्रतिनियुक्ति, संविदा एवं रिटायर्मेंट के बाद प्रमुख पदों पर लगे कार्मिकों,लम्बित प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

पेरिफेरी क्षेत्र में आवश्यकतानुसार भूमि उपलब्ध कराने, विकास कार्यों में विभागीय समन्वय रखने,जलप्रदाय में समस्या वाले स्थान का विधायक के साथ निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा,लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने अपने अपने क्षेत्र के मुद्दों की ओर ध्यान आकृष्ट किया।

रचना / रवि